पेज थ्री देहरादून

द हैरिटेज स्कूल में कलात्मक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता का आयोजन।



देहरादून रविवार 8 नवंबर 2020

पेज 8

# हमारा दून


## संक्षिप्त समाचार

### द हैरिटेज स्कूल में कलात्मक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून । द हैरिटेज स्कूल के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन कक्षाओं में आयोजित की गई और इस अवसर पर विभिन्न क्रियात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों जैसे कला प्रतियोगिता आई.टी. क्विज, अंग्रेजी वाद–विवाद प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग और मेरा नगर मेरा राज्य क्वीज प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभा किया गया और उत्साह से अपने विषय को गंभीरता से प्रदर्शित किया गया और सराहा भी गया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता में मेरा नगर मेरा राज्य विषय पर 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अति उत्साह के साथ पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए।

### प्राथमिक शिक्षक भर्ती की उम्मीद पर डटे रहे प्रशिक्षित बेरोजगार

**संवाददाता** देहरादून। नियुक्ति की मांग को लेकर प्रशिक्षित बेरोजगारों का दिन रात का धरना जारी रहा और विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और वहीं प्राथमिक शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया आरंभ हाने की उम्मीद पर वह डटे हुए है। यहां शिक्षा निदेशालय में 41 वें दिन उत्तराखंड डायट डीएलएड संघ का धरना प्रदर्शन व क्रमिक अनशन जारी रहा। इस अवसर पर शिक्षा निदेशालय ननूरखेड़ा देहरादून में आयोजित बैठक में ऊधम सिंह नगर डायट के प्रशिक्षित भूपेंद्र नाथ गोस्वामी ने कहा कि शिक्षा मंत्री अरविन्द पांडेय द्वारा दिये गये समयानुसार आज तक विज्ञापन जारी हो जाना चाहिए, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

### उत्तराखंड 20 वर्ष में क्या खोया क्या पाया विषय पर संगोष्ठी नौ को

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य निर्माण की 20वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 9 नवंबर 2020 को प्रातः 11 बजे से प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में उत्तराखंड 20 वर्ष में क्या खोया क्या पाया विषय पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। यहां जारी एक बयान में यह जानकार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने दी।

### नहीं तोड़ने देंगें शहीद स्मारक, जिला प्रशासन को ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद से जुडे हुए आंदोलनकारियों ने कचहरी प्रांगण स्थित शहीद स्मारक को स्मार्ट सिटी के नाम पर हटाए जाने हस्तांतरित किए जाने के विरोध में ज्ञापन दिया गया और कहा कि किसी भी दशा में शहीद स्मारक को हटने नहीं दिया जायेगा।

# व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कर वसूली का युवा कांग्रेस ने किया विरोध

**विरोध**

■जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य कैबिनेट की बैठक में 40 नए जुड़े हुए वार्ड में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कर वसूली का आदेश जारी किये जाने के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय को वापस लिये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय में इकटठा हुए और वहां पर राज्य कैबिनेट की बैठक में 40 नए जुड़े हुए वार्ड में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कर वसूली का आदेश जारी किये जाने के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इस बढ़ोत्तरी को वापस लिये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी



कार्यालय में प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज किया। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि राज्य सरकार के इस फैसले का पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अभी हाल ही में हुयी राज्य कैबिनेट की बैठक जिसमें की आवासीय भवनों को तो कर में छूट दी गयी परंतु सरकार द्वारा व्यवसायिक भवनों में किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी गयी जो कि सरकार द्वारा उठाया गया निंदनीय कदम है।

वक्ताओं ने कहा कि इस समय आमजन का व्यवसाय कोरोना महामारी लॉकडाउन एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे अतिक्रमण से पहले ही व्यवसाईयों की कमर टूट गयी है, नगर निकायों में शामिल क्षेत्रों में व्यवसायिक भवनों को कर के दायरे में आनें से सरकार द्वारा किये गये पूर्व के वादे झूठे साबित होते हैं, राज्य सरकार के औपचारिक निर्णय से पहले ही निकायों के नये इलाकों में व्यवसायिक कर के नोटिस जारी होनें लगे हैं।

वक्ताओं ने कहा कि बीते दिनों राज्य कैबिनेट नें निकाय विस्तार के बाद शहर में शामिल हुए नये आवासीय भवनों को 10 साल के लिये हाउस टैक्स से राहत दी थी, मगर यह व्यवसायिक भवनों पर लागू नहीं होगी और कहा कि इसका मतलब दुकान या किसी भी प्रकार के कारोबार पर लोगों को टैक्स देना होगा और वह भी बिना बुनियादी सुविधाएं दिये ही टैक्स वसूला जाना सरासर जनहित में नहीं है।

वक्ताओं ने कहा कि युवा कांग्रेस इस निर्णय का पुरजोर विरोध करती है एवं सरकार को यह चेतावनी देती है कि यदिसरकार द्वारा शीघ्र यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन को विवश होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। वक्ताओं ने कहा कि इसके लिए रणनीति तैयार की जायेगी और इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

### राज्य स्थापना दिवस पर खुशियों की सौगात दे सरकारः जोशी

देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलन समिति के केंद्रीय प्रवक्ता व कांग्रेस नेता महेश जोशी ने कहा कि सरकार का राज्य स्थापना दिवस गैरसैंण में मनाना केवल ढकोसला मात्र है। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश सरकार को खुशियों की सौगात दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पन्द्रह अगस्त को ग्रीष्मकालीन राजधानी की घोषणा के बाद भी सरकार की तरफ से एक भी कार्य उसके परिपेक्ष में नहीं किए गए। सरकार केवल वाहवाही लूटने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में तम्बू में सत्र आयोजित कर व विधानसभा का मूलभूत ढांचा तैयार कर सुविधाएं जुटाने का कार्य किया और उसे अमलीजामा पहनाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि सरकार बडियार गढ़ बस सेवा का शीघ्र शुभारम्भ करे,जो काफी समय से बन्द पड़ी है, जिससे जनता को काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में शुरू की गई इस बस सेवा से देहरादून से काफी संख्या में लोग लाभान्वित होते थे । बडियारगढ़ व अन्य लिंक मार्गो पर बन्द पड़ी सेवा से रोडवेज को भी काफी नुकसान हो रहा है।

# चिन्हित वेंडर्स को दीवाली से पहले ऋण करें आबंटित

**समीक्षा**

■ सीएस सचिवालय में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा की

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्य सचिव ओमप्रकाश ने शनिवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधियोजना (पीएम स्वनिधि) की शुरुआत सड़कों और पटरियों पर सामान बेचने वाले उन गरीब लोगों के लिए की गई थी जो कोविड–19 के चलते प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार का सीजन होने के कारण गरीब तबके के लोग इसका अधिकतम लाभ ले सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि सभी चिन्हित वेंडर्स को दीवाली से पहले ऋण आबंटित कर दिया जाए।

मुख्य सचिव ने बैंकर्स को भी इस योजना को गंभीरता से लेते हुए स्वीकृत एप्लिकेशन का ऋण वितरण शीघ्र से शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए। कोविड–19 के कारण कितने चिन्हित वेंडर्स माइग्रेट कर चुके हैं इसका भी सर्वे करवाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकतम लोग इस योजना का लाभ उठा सकें इसके लिए सभी जिलाधिकारियों और बैंकर्स को व्यक्तिगत रूप से प्रयास करने होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना का प्रचार प्रसार करते हुए वेंडर्स का वेंडिंग सर्टिफिकेट, वेंडिंग आईडी के साथ ही लेटर ऑफ रिकमेंडेशन की कॉपी भी अवश्य दी जाए। इसके साथ ही, बैंकर्स द्वारा भी प्रोएक्टिव होकर पीएम स्वनिधि योजना के सम्बन्ध में ऋण प्रक्रिया को छोटा किया जाना चाहिए, साथ ही बैंक की ब्रांच को 10 हजार तक के ऋण को अपने स्तर से स्वीकृत कर वितरित किए जाने का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सभी जनपदों के जिलाधिकारी सहित राज्य के सभी प्रमुख बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

#### वेंडर्स का एप्लिकेशन अपलोड

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन वेंडर्स का एप्लिकेशन अपलोड हो गया है, दीपावली से पहले उनको ऋण वितरण कर दिया जाए। इसके लिए बैंकर्स के साथ समन्वय बनाकर प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि जानकारी एवं कम पढ़े लिखे या अनपढ़ होने के कारण बहुत से वेंडर्स इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, इसके लिए कैंप लगाकर उन्हें वेंडर्स आईडी, वेंडर्स सर्टिफिकेट एवं ऋण वितरण हेतु बैंक सुविधा एक जगह उपलब्ध करवा कर फैसिलिटेट किया जाए।

### राज्य की संस्कृति व भाषा को देंगें बढ़ावा

**संवाददाता** देहरादून। एफडीएम फिल्मी मस्ती धमाल के एमडी एवं सीईओ रमेश भंडारी ने कहा है कि राज्य की संस्कृति, भाषा को बढ़ावा देने के लिए ओटीटी और एटीटी चैनल की शुरूआत आगामी जनवरी माह से की जायेगी। हरिद्वार रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि एफएमडी इंडिया का सबसे बड़ा रीजनल ओटीटी और एटीटी चौनल अभी उत्तराखंड में पहली बार आ रहा है और आगामी जनवरी माह में इसकी शुरूआत की जायेगी और इसका मुख्य कार्यालय हैदराबाद,मुम्बई और यूएसए में है। उन्होंने कहा कि एफएमडी एक अलग चैनल है जो रीजनल कंटेंट जैसे वेब फिल्मस, वेब सीरीज, शार्ट फिल्म, रियलिटी शोज, टैलेंट शो, इंडीपेंडेंट म्यूजिक और स्थानीय बोली भाषा व संस्कृति को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि एफएमडी के जरिये यहां की भाषा, संस्कृति और टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और हम यहां के कलाकारों को हिंदुस्तान के दूसरे जगह में भी प्रमोट करेंगे।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।